न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर

अपील संख्या	प्रवेश तिथि	निर्णय दिनांक
12 / 78 / 2017	31—05—2017	30—01—2019

01— इस्लाम पुत्र सूसड़ जाति मेव निवासी ग्राम गूगडोद तहसील रामगढ़, जिला अलवर राज०

अपीलाण्ट

बनाम

01— तहसीलदार रामगढ़, जिला अलवर

रेस्पौडेन्ट

अपील विरूद्ध निर्णय तहसीलदार रामगढ़
दिनांक 17.04.2017 अन्तर्गत धारा 91 भू0
राजस्व अधिनियम प्रकरण संख्या 233 / 2017

उपस्थितः—

01—श्री राधेलाल गुर्जर —वकील अपीलाण्ट

—ः निर्णयः—

अपीलान्ट ने यह अपील तहसीलदार रामगढ़ के आदेश दिनांक 17.04.2017 जिसके द्वारा अपीलान्ट को ग्राम बामनीखेड़ा की सरकारी गै0मु0 पहाड़ भूमि के आराजी खसरा नम्बर 646 / 3.29 में से 0.25 है0 पर अवैध कब्जा करने पर की गई सजा व पैनल्टी से व्यथित होकर की गई है।

अपील अपीलान्ट दर्ज रजिस्टर कर रेस्पौ0 को जर्ये सम्मन तलब किया गया। एवं अधीनस्थ अदालत का रिकार्ड तलब किया गया।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट ने अपील में अंकित तथ्यों को बहस के दौरान दोहराते हुये निवेदन किया कि ग्राम बामनीखेड़ा की सरकारी गै0मु0 पहाड़ भूमि के आराजी खसरा नम्बर 646 / 3.29 में से 0.25 है0 पर अवैध कब्जा करने की रिपोर्ट दिनांक 06.03.2017 को पटवारी द्वारा करने पर अपीलांट को अतिक्रमी मानकर बिना सुने तीन माह का सिविल कारावास व लगान से दण्डित किया। अपीलांट को पश्चातवर्ति अतिक्रमी माना है जबकि पूर्व में अपीलांट को कभी बेदखल नहीं किया गया ना किसी प्रकार की पैनल्टी से आरोपित किया गया। अतः अपीलार्थी को सिविल कारावास व पैनल्टी से मुक्त किया जावे।

सर्व प्रथम प्रार्थना पत्र दफा 5 कानून मियाद पर विचार किया गया अपीलान्ट ने आदेश दिनांक 17.04.2017 के विरूद्ध दिनांक 29.05.2017 को पेश किया। प्रार्थना पत्र दफा 5 कानून मियाद में अंकित तथ्यों पर विश्वास कर अपील अन्दर मियाद शुमार की जाती है।

हमनें अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र दिनांक 29.05.2017 का भी अवलोकन किया जिसमें अपीलार्थी द्वारा कब्जा छोडना बताया गया है तथा भविष्य मे अतिक्रमण नहीं करने का निवेदन किया है। रिपोर्ट तहसीलदार रामगढ़ द्वारा भी अपनी मौका रिपोर्ट दिनांक 15.09.2017 में विवादित आराजी पर वर्तमान में अपीलार्थी का अतिक्रमण नहीं होना बताया है। पटवारी हल्का के बयान व तहसीलदार के निर्णय में अतिक्रमित रकबा अलग—अलग है और पटवारी हल्का के बयान भी छपे—छपाये साइक्लोस्टाईल प्राफॉर्मा पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर दर्ज किये गये है। अतः अपील अपीलांट तहसीलदार रामगढ़ को इस निर्देश के साथ प्रेतिप्रेषित की जाती है कि अगर विवादित आराजी पर अपीलांट का अतिक्रमण पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एल आर एक्ट के तहत धारा 91(6) के तहत कार्यवाही की जावे। वकील अपीलांट को हिदायत दी जाती है कि वो दिनांक 20.02.2019 को तहसीलदार रामगढ़ के न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर अपीलांट की तामील मानी जावेगी।

निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को उनके रिकार्ड के साथ भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफतर की जावें।

निर्णय आज दिनांक 30—01—2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

COURT OF THE ADDITIONAL COLLECTOR (I) अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर (राज.) ALWAR (RAJ.)

(ओ0पी0जैन)
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)
अलवर (राजस्थान)